# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

18 जून 2023, रविवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा श्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गुरदासपुर, पंजाब में आयोजित विशाल जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में बीते 9 साल देश के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित किये जायेंगे। आज भारत की पहचान दुनिया भर में ग्रोथ इंजन के रूप में हो रही है। प्रधानमंत्री जी ने 9 वर्षों में देश के लगभग 60 करोड़ गरीबों को एक आशा भरी जिंदगी दी है।**

**********************

**पंजाब में तिरंगे के तीनों रंग देखने को मिलते हैं। शहीदों के बलिदान की भावना में केसरिया रंग दिखता है, गुरुओं के सद्भाव के संदेश में सफ़ेद रंग दिखता है और किसान की खेती का हर रंग दिखता है। तिरंगे की भावना को पंजाब ने हमेशा सार्थक सिद्ध करके दिखाया है।**

**********************

**कांग्रेस की यूपीए सरकार के 10 वर्षों में डिवोल्यूशन फंड और ग्रांट इन एड के तहत पंजाब को लगभग 46 हजार करोड़ रुपये दिए गए जबकि मोदी सरकार के 9 साल में इस मद में पंजाब को लगभग 2.21 लाख करोड़ रुपये दिए गये हैं जो कांग्रेस सरकार की तुलना में लगभग चार गुना अधिक है।**

**********************

**पंजाब के मुख्यमंत्री का पूरा समय अरविंद केजरीवाल के दौरे में जाता है। देश भर में अरविंद केजरीवाल का दौरा पंजाब के मुख्यमंत्री कराते हैं। कई बार मालूम नहीं पड़ता है कि भगवंत मान मुख्यमंत्री हैं या पायलट हैं। उनको प्रदेश की समस्याओं से कोई मतलब नहीं है। वे तो देश का दौरा करने में लगे रहते हैं।**

**********************

**पंजाब में कानून व्यवस्था भी बद से बदतर होती जा रही है। किसानों की समस्या बढ़ रही है। पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार के एक मंत्री दलित महिला के यौन उत्पीड़न में लिप्त हैं मगर उस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। पंजाब में नशे का कारोबार बढ़ रहा है लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा।**

**********************

**पंजाब की जनता ने आज तक आम आदमी पार्टी की तरह खोखले वादे करने वाली अन्य कोई पार्टी नहीं देखी है। पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार हर महिला के खाते में हर माह एक हजार रुपये देने वाली थी, लड़कियों की शादी के लिए हर परिवार को 51 हजार रुपये देने का वादा था। एक भी वादा पूरा नहीं हुआ।**

**********************

**भगवंत मान सरकार ने कहा था कि अवैध खनन पर कार्रवाई करके 20 हजार करोड़ रुपये की वसूली करेंगे। भगवंत मान जी, इसका हिसाब दीजिये। मेरे पास जो हिसाब है, उसके हिसाब से अब तक लगभग 125 करोड़ रुपये वसूले गए, वह भी पिछली सरकार से भी पिछली सरकार में वसूले गये।**

**********************

**भगवंत मान सरकार दूसरे राज्यों में अखबारों में फुल पेज विज्ञापन देती है। पंजाब में विज्ञापन दें तो समझ में भी आता है लेकिन दूसरे राज्यों में विज्ञापन दे तो समझ के बाहर है। इससे पंजाब की जनता की तिजोरी खाली हो रही है। अगले चुनाव में भगवंत मान जी से पंजाब की जनता इसका हिसाब जरूर मांगेगी।**

**********************

**पंजाब के अंदर से नशे के कारोबार को उखाड़ फेंकने के लिए हम कृतसंकल्पित हैं। इसके लिए अमृतसर में एक महीने के भीतर एनसीबी का कार्यालय खुलेगा। भाजपा भी पंजाब में नशे के विरुद्ध अभियान चलायेगी और भाजपा कार्यकर्ता गाँव-गाँव जाकर जन-जागरण की यात्रा करेंगे।**

**********************

**आजादी के बाद सबसे ज्यादा गेहूं और चावल की सबसे ज्यादा सरकारी खरीदी मोदी सरकार में हुई है। 2023-24 में अब तक लगभग 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी हुई है जबकि पिछले साल धान की लगभग 385 लाख मीट्रिक टन खरीदी हुई। मौजूदा गेहूं खरीदी लगभग 47 हजार करोड़ रुपये की हुई है।**

**********************

**सिख पंथ के सम्मान में, गुरुओं की सेवा में और सिख भाइयों के लिए श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने कई काम किये हैं। लगभग 120 करोड़ रुपये की लागत से करतारपुर कॉरिडोर विकसित किया गया। वीर बलिदानी साहिबजादों की याद में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने की शुरुआत हुई।**

**********************

**लंगर को जीएसटी से मुक्त किया गया। जालियांवाला बाग़ के शहीदों के स्मारक का पुनरुद्धार करके शहीदों को सम्मान दिया गया। 1984 में हुए सिख नरसंहार के दोषियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया गया।**

**********************

**श्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 वर्षों में 7 नए आईआईटी, 7 नए आईआईएम और 15 नए एम्स बनने की शुरुआत हुई। बीते 9 वर्षों में लगभग 390 विश्वविद्यालय और लगभग 700 मेडिकल कॉलेज खुले। लगभग 54 हजार किमी नेशनल हाइवे बनाया गया है।**

**********************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज रविवार को श्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 सफल वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गुरदासपुर, पंजाब में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित किया और बीते 9 साल में देश की विकास यात्रा को ऐतिहासिक करार दिया। कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।

गुरदासपुर की जनता और पंजाब की पावन धरा को नमन करते हुए श्री शाह ने कहा कि महान सिख गुरुओं ने पंजाब सहित देश भर राष्ट्र भक्ति और समानता का भाव पढ़ाया। देश पर जब भी संकट आया, पंजाब ने पूरे देश की रक्षा की। देश की सीमाओं की सुरक्षा में पंजाब के युवा हमेशा आगे रहे हैं। पंजाब में तिरंगे के तीनों रंग देखने को मिलते हैं। शहीदों के बलिदान की भावना में केसरिया रंग दिखता है, गुरुओं के सद्भाव के संदेश में सफ़ेद रंग दिखता है और पंजाब के अन्नदाता किसान देश के गोदामों को भर देते हैं तो हरा रंग दिखता है। तिरंगा की भावना को पंजाब ने हमेशा सार्थक सिद्ध करके दिखाया है। अत्याचार चाहे मुगलों ने किया हो या अंग्रेज ने, पंजाब

सूबे ने डट कर सामना किया और जान की चिंता किये बगैर पंजाब ने देश की सुरक्षा में योगदान दिया। ग़दर आंदोलन हो, या जालियांवाला बाग़ हो, देश की आजादी का इतिहास पंजाब के बिना अधूरा है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर यहाँ पंजाब की जनता को धन्यवाद देने आया हूँ। बीते 9 साल देश के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित किये जायेंगे। आज भारत की पहचान दुनिया भर में ग्रोथ इंजन के रूप में हो रहा है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने 9 वर्षों में गरीब कल्याण योजनाओं के माध्यम से देश के लगभग 60 करोड़ गरीबों को एक आशा भरी जिंदगी दी है। उन्होंने गरीबों को घर दिया, घर में बिजली, शौचालय, नल से जल, गैस कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड और पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से हर गरीब को प्रति व्यक्ति प्रति माह पांच किलो अनाज मुफ्त दिया जा रहा है। 220 करोड़ डोज मुफ्त वैक्सीन देकर प्रधानमंत्री जी ने देश के नागरिकों को कोरोना से सुरक्षित किया है।

श्री शाह ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 वर्षों में 7 नए आईआईटी, 7 नए आईआईएम और 15 नए एम्स बनने की शुरुआत हुई। बीते 9 वर्षों में लगभग 390 विश्वविद्यालय और लगभग 700 मेडिकल कॉलेज खुले। लगभग 54 हजार किमी नेशनल हाइवे बनाया गया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पंजाब की जनता ने आज तक आम आदमी पार्टी की तरह खोखले वादे करने वाली अन्य कोई पार्टी नहीं देखी है। अरविंद केजरीवाल को मद्रास जाना होता है तो पंजाब से विमान दिल्ली जाता है और उसके बाद उनको लेकर चेन्नई जाता है। केजरीवाल जी को कोलकाता जाना है तो पंजाब से विमान दिल्ली जाएगा और फिर उनको लेकर कोलकाता जाएगा। अरविंद केजरीवाल का देश भर में जो दौरा होता है, वे पंजाब के मुख्यमंत्री कराते हैं। कई बार मालूम नहीं पड़ता है कि भगवंत मान पंजाब के मुख्यमंत्री हैं या पायलट हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री का पूरा समय अरविंद केजरीवाल के दौरे में जाता है। पंजाब में कानून व्यवस्था भी बद से बदतर होती जा रही है। किसानों की समस्या बढ़ रही है। पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार के एक मंत्री दलित महिला के यौन उत्पीड़न में लिप्त हैं मगर उस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। पंजाब में नशे का कारोबार बढ़ रहा है लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा। मैं आज भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल से पूछ रहा हूँ कि आप हर महिला के खाते में हर माह एक हजार रुपये देने वाले थे। पंजाब की माताएं और बहनें कब से इसकी राह देख रही हैं लेकिन अब तक एक हजार रुपये क्या एक हजार पैसा भी ट्रांसफर नहीं हुआ।

श्री शाह ने कहा कि भगवंत मान सरकार ने कहा था कि अवैध खनन पर कार्रवाई करके 20 हजार करोड़ रुपये की वसूली करेंगे। भगवंत मान जी, इसका हिसाब दीजिये। मेरे पास जो हिसाब है, उसके हिसाब से अब तक लगभग 125 करोड़ रुपये वसूले गए, वह भी पिछली सरकार से भी पिछली सरकार में वसूले गये। आम आदमी पार्टी ने लड़कियों की शादी के लिए हर परिवार को 51 हजार रुपये देने का वादा किया था। इसके लिए लगभग 15 हजार आवेदन आ गए हैं किंतु एक को भी पैसा नहीं दिया गया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि भगवंत मान जी का एक ही काम है - केजरीवाल जी की राजनीति को आगे बढ़ाना। भगवंत मान की सरकार दूसरे राज्यों में अखबारों में फुल पेज विज्ञापन देंते हैं। पंजाब में विज्ञापन दें तो समझ में भी आता है लेकिन पंजाब की सरकार गुजरात, केरल, पश्चिम बंगाल में विज्ञापन दे तो यह समझ के बाहर है। इस विज्ञापन से पंजाब की जनता की तिजोरी खाली हो रही है। अगले चुनाव में भगवंत मान जी से पंजाब की जनता इसका हिसाब जरूर मांगेगी।

श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूरी दुनिया में देश को गौरव दिलाया है। प्रधानमंत्री जी अभी-अभी G-7 की बैठक के लिए जापान गए थे और उसके बाद पापुआ न्यू निगी और ऑस्ट्रेलिया गये थे। हमारे प्रधानमंत्री जी से कोई औटोग्राफ माँगता है, तो कोई मिलने से समय माँगता है तो कोई उनका पैर छूकर अभिवादन करता है। हमारे प्रधानमंत्री जी जहाँ जाते हैं, वहां मोदी-मोदी के नारे लगते हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री जी का यह सम्मान देश के 140 करोड़ लोगों का सम्मान है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पंजाब किसानों का प्रदेश है। आजादी के बाद सबसे ज्यादा गेहूं और चावल की सबसे ज्यादा सरकारी खरीदी की गई है तो मोदी सरकार में की गई है। 2023-24 में अब तक लगभग 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी हुई है जबकि पिछले साल धान की लगभग 385 लाख मीट्रिक टन खरीदी हुई। मौजूदा गेहूं खरीदी लगभग 47 हजार करोड़ रुपये की हुई है। अब पंजाब के हर किसान के बैंक खाते में सीधा पैसा जमा हो रहा है। बीच में कोई बिचौलिया नहीं है।

श्री शाह ने कहा कि सिख पंथ के सम्मान में, गुरुओं की सेवा में और सिख भाइयों के लिए श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने कई काम किये हैं। देश और दुनिया में दशम पिता गुरु गोबिंद सिंह जी का 350वां प्रकाश पर्व पूरे धूमधाम से मनाया गया। इस पर मोदी सरकार ने लगभग 200 करोड़ रुपये खर्च किये। गुरु नानक देव साहिब का 550वां प्रकाश पर्व भी पूरी श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। लगभग 120 करोड़ रुपये की लागत से करतारपुर कॉरिडोर विकसित किया गया। श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने बर्मिंघम में सुल्तानपुर लोधी, अमृतसर में इंटरफेथ स्टडीज, गुरु नानक गद्दी का विकास किया है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वीर बलिदानी साहिबजादों की याद में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाकर देश भर के बच्चों को वीर साहिबजादों की राह पर चलने की प्रेरणा दी है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि हेरिटेज सिटी के तहत अमृतसर, जालंधर और लुधियाना को लगभग 3,000 करोड़ रुपये दिए गये। दरबार साहिब को एफसीआरए के तहत रजिस्ट्रेशन कर के दुनिया भर के सिख श्रद्धालुओं को चढ़ाव देने का रास्ता खोल दिया गया। लंगर को जीएसटी से मुक्त किया गया। जालियांवाला बाग़ के शहीदों के स्मारक का पुनरुद्धार करके शहीदों को सम्मान दिया गया।

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व में 1984 में नरसंहार किया गया था, हजारों निर्दोष सिख भाई बहनों की हत्या की गई। 2014 तक सिख नरसंहार के दोषियों को सजा नहीं दिलाई गई थी। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने इस नरसंहार के दोषियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि अफगानिस्तान के तीन गुरुद्वारा से गुरुग्रंथ साहिब को लाकर दिल्ली में प्रतिस्थापित किया गया। पंजाब में 314 लोगों को ब्लैक लिस्ट में डाला गया था। मोदी सरकार ने इसे घटाकर 2 तक सीमित कर दिया गया है।

श्री शाह ने कहा कि विनोद खन्ना जी के समय से गुरदासपुर का विकास किया जा रहा है। गुरदासपुर जिले में आयुष्मान भारत के अंतर्गत लगभग 18 लाख गरीबों को लाभ मिल रहा है। मोदी सरकार आने के बाद इस जिले में अब तक लगभग 431 किमी सड़कें बनी। पीएम आवास योजना से गुरदासपुर में लगभग 10 हजार घर बनाए गए हैं।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि 2004 से 2014 तक केंद्र की कांग्रेस सरकार ने डिवोल्यूशन फंड और ग्रांट इन एड के तहत पंजाब को लगभग 46 हजार करोड़ रुपये दिए थे जबकि श्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 साल में इस मद में पंजाब को लगभग 2.21 लाख करोड़ रुपये दिए गये हैं अर्थात कांग्रेस सरकार की तुलना में लगभग चार गुना अधिक पैसा पंजाब को मोदी सरकार ने दिया है। केंद्र की भाजपा सरकार ने पंजाब में 2,000 किमी से अधिक नेशनल हाइवे बनाया है। लगभग 39,500 करोड़ रुपये की लागत से दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास हुआ। लगभग 1700 करोड़ रुपये की लागत से अमृतसर-ऊना की सड़क को फोरलेन का बनाया जा रहा है। लगभग 800 करोड़ रुपये की लागत से गुरुओं के सम्मान में अमृतसर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास हो रहा है। पंजाब में दो वंदे भारत ट्रेन चलाई गई है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने पंजाब के लगभग 23 लाख से अधिक किसानों को लगभग 4300 करोड़ रुपये पीएम किसान सम्मान निधि के तहत दिए हैं। आजादी के 75 साल बाद पंजाब के हजारों घरों में नल से जल पहुंचाया गया है। राज्य में लगभग 6 लाख नए शौचालय बने हैं, लगभग 80 लाख गरीबों को आयुष्मान भारत का लाभ मिल रहा है। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत राज्य केलगभग 1.60 करोड़ लोगों को प्रति महीने मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। बठिंडा में एम्स बनाया गया है।

श्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने तय किया है कि देश के अंदर से बहुत जल्द नशे के कारोबार को ख़त्म कर दिया जाएगा। पंजाब के अंदर से भी नशे के कारोबार को उखाड़ कर फेंक देंगे। इसके लिए अमृतसर में एक महीने के भीतर एनसीबी का कार्यालय खुलेगा। कुछ ही समय में भाजपा कार्यकर्ता हर तसील और गाँव जाकर नशे के खिलाफ जनजागरण अभियान शुरू करेंगे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को प्रदेश की समस्याओं से कोई मतलब नहीं है। वे तो देश का दौरा करने में लगे रहते हैं। खुद देश का दौरा करते तो ठीक लगता किंतु वे तो अरविंद केजरीवाल के पायलट बन कर घूम रहे हैं। 2014 और 2019 में देश में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को पूर्ण बहुमत दिया है और 2024 में भी 300 से अधिक सीटों के साथ श्री नरेन्द्र मोदी जी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।

********************************